भारत सरकार
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय
एमएसएमई–विकास संस्थान
10, औद्योगिक क्षेत्र, पोलोग्राउण्ड,
इंदौर – 452015 (म.प्र.)

Government of India
Ministry Of Micro, Small & Medium Enterprises
MSME-Development Institute
10, Industrial Estate , Polo ground,
INDORE – 452015 (M.P.)

EPABX: 2421037– 659 Ph (Director): 2421408 [Off] Tele. Fax: 0731 – 2420723-540 E-mail : dcdi-indore@dcmsme.gov.in

निविदा संख्या;50(54)/सम/कोटेशन/2017.18 1800 दिनांक (Date): 6/03/2018

प्रति/,

(1) **सिनेट, अनुभाग,**
एमएसएम–डी आई, इन्दौर के पोट्र्ल पर डालने हेतु ।

प्रिय महोदय,

निदेशक, एमएसएमई–विकास संस्थान, इन्दौर द्वारा फोटो कापी मशीन रेंट पर लेने एवं उसमे लगने वाले कंज्युमर आईटम,इंक इत्यादि(पेपर छोडकर) उपलब्ध कराने हेतु भावपत्र आंमत्रित किये जाते है । निम्न शर्तो के अनुसार अपने न्यूनतम/अधिकतम भाव पत्र प्रस्तुत करें।

:: निविदा की शर्ते;::

1) भारतीय एवं विदेशी वस्तुओं के लिए निविदाऍं अद्योहस्ताक्षरी के नाम से अलग–अलग की जानी चाहिए।
2) निविदाऍं भंडार सामग्री के सहायक उपकरणों एवं संबधित साहित्य के विस्तृत विवरण के साथ मुहरबंद लिफाफे में प्रस्तुत की जानी चाहिए। निविदाएं इस कार्यालय में **दिनांक 14/03 /2018 शाम 04:00 बजे** तक प्राप्त हो जाना चाहिए।
3) प्रत्येक मद के सामने उसके स्त्रोत के विषय में यह स्पष्ट होना चाहिए कि वह भारतीय है अथवा विदेशी। यदि भारतीय हो तो निर्माता का नाम और जिस राज्य में निर्माण हुआ है, उस राज्य के नाम का उल्लेख होना चाहिए। भंडार सामग्री नई एवं सूचीबद्व/ग्रेडिड होनी चाहिए। भंडार सामग्री चाहे देशी हो अथवा विदेशी, उसके सामने उसका ब्रांड एवं मेक अंकित होनी चाहिए।
4) सूची में दी गई विशिष्टियों मे थोड़ा परिवर्तन संभव है। निर्दिष्ट मदों की विशिष्टियों के मदों के विकल्प प्रस्तुत किये जा सकते हैं लेकिन वैकल्पिक उपकरणों/भंडार सामग्री आदि की उपयोगिता एवं लाभों का स्पष्ट उल्लेख करना होगा।
5) प्रत्येक मद के लिये प्रस्तुत भाव–पत्र पूर्ण होने चाहिए। उनमें आवश्यक सहायक उपकरणों के मूल्य के साथ मार्ग में संभावित टूट–फूट के बीमे का मूल्य भी शामिल होना चाहिए।
6) प्रस्तुत भाव सभी प्रभारों सहित कुल भाव होने चाहिए तथा उनमें चार प्रतिशत बिक्री कर एवं एफ.ओ.आर. डेस्टीनेशन का भी स्पष्ट उल्लेख भी होना चाहिए। यदि आपूर्ति स्थानीय आपूर्तिकार्ताओं द्वारा की जाती है तो प्रस्तुत भावों में सभी खर्चे जैसे स्थानीय कर आदि शामिल होने चाहिए। भंडार सामग्री संस्थान में पहुँचाने पर आने वाला सभी व्यय आपूर्तिकार्ताओं को स्वयं वहन करना होगा। यदि बिकी कर लागू हो तो ' डी ' फार्म इस कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।
7) यह स्पष्ट रूप से समझ लेना चाहिए कि आपके द्वारा आपूर्ति एवं निपटान महानिदेशालय, नई दिल्ली को पिछले तीन महीनों में उन्ही मदों के लिए प्रस्तुत भावों से अधिक न हो।
8) यदि आपके द्वारा प्रस्तुत निविदाएं उपरोक्त शर्तो के अनुसार नहीं पायी गई तो उन पर ध्यान नहीं दिया जाएगा।
9) निदेशक न्यूनतम अथवा किसी भी निविदा को स्वीकार करने के लिए बाध्य नही हैं। निदेशक को किसी भी निविदा को पूर्ण रूप से अथवा उसके किसी भी भाग को उद्धृत/प्रस्तुत भावों पर स्वीकार करने का अधिकार होगा।
10) **फोटोकॉपी मशीन किराए पर देने की शर्तेः–**
   a). बिना ऑपरेटर के फोटोकॉपी मशीन प्रति कॉपी की दर दर्शित करके देवें (न्यूनतम लोड 36,000 कॉपी वार्षिक का होगा जिसके लिए यह विभाग पैसा अदा करेगा, इससे अधिक कॉपी होने पर दिए गए दर के अनुसार भुगतान होगा ।
   b) मशीन आपकी स्वयं की रहेगी ।
   c) मशीन में लगने वाला कंज्यूमेबल आयटम आपके द्वारा प्रदान किया जाएगा ।
   d) मशीन खराब या बिगड़ती है तो उसे तुरंत रिपेयर किया जाना या दूसरी मशीन की व्यवस्था खराब होने के दिन ही करनी होगी ।
   e) कुल निकलने वाली कॉपियों का भुगतान मासिक या त्रैमासिक संतोषजनक सेवा देने के पश्चात बिल का भुगतान किया जाएगा ।
   f) कोटेशन बंद लिफाफे में दिनांकः **14/ 03/2018**
   साय 4:00 बजे तक कार्यालय में प्राप्त हो जाने चाहिए ।
   g) अनुबंध प्रदाय/कय आदेश के जारी होने की तारीख से 01 वर्ष हेतु मान्य होगा तथा संतोषजनक सेवा देने के पश्चात वर्तमान दर पर ही कय समिति की अनुशंसा के पश्चात उक्त कांट्रेक्ट छह माह की अवधि के लिए और बढ़ाया जा सकता है ।
   h) नियमानुसार जो भी टैक्स लागू होंगे उसे भरने की जिम्मेदारी सर्विस प्रोवाइडर की होगी ।

भवदीय

(धनंजय रडके)
सहायक निदेशक(प्रशा.)
कृते निदेशक